भाजपा पार्षदों का देर रात तक चलता रहा प्रदर्शन, व्यापारियों और स्थानीय लोग भी शामिल

अवैध वसूली पर जोनल अधिकारी को हटाने के लिए पार्षदों का हंगामा

- नगर निगम के जोन-4 कार्यालय में मंगलवार को प्रदर्शन किया
- घेराव और नारेबाजी से दिन भर कार्यालय का काम प्रभावित रहा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। नगर निगम के जोन-4 कार्यालय में मंगलवार को जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी को हटाने की मांग को लेकर भाजपा पार्षद, व्यापारियों और पटरी दुकानदारों ने जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर से शुरू हुआ धरना देर रात तक जारी रहा। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी की, जिससे कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा।

अरुण राय के नेतृत्व में जुटे पार्षद : प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा पार्षद अरुण राय ने किया। उनके साथ पार्षद संजय सिंह राठौर, राजेश सिंह गब्बर समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। धरने में बड़ी संख्या में व्यापारी, रेहड़ी-पटरी दुकानदार और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए।

कार्रवाई तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

शाम के समय धरनास्थल पर मौजूद पार्षदों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। रात करीब साढ़े आठ बजे तक बड़ी संख्या में लोग कार्यालय परिसर के बाहर डटे रहे। अरुण राय ने कहा कि जोनल अधिकारी के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही हैं और क्षेत्र की जनता, व्यापारी व दुकानदार खुद को परेशान महसूस कर रहे हैं। उनका कहना था कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला और लोग देर रात तक अपनी मांगों पर अड़े रहे।

प्रदर्शनकारियों ने जोनल अधिकारी को हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लगातार नारे लगाए। धरने के दौरान "जोनल अधिकारी को सस्पेंड करो" के नारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र के व्यापारी और छोटे दुकानदार लंबे समय से परेशान हैं और उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

अवैध वसूली और कार्रवाई के आरोप

धरने के दौरान पार्षद अरुण राय ने जोनल अधिकारी पर अवैध वसूली के आरोप लगाए। उनका कहना था कि दुकानदारों के साथ कठोर कार्रवाई की जा रही है और अभियान के दौरान उनके सामान को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में कई गरीबों के रेहड़ी और कुछ सेकेंड हैंड मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। हालांकि इन आरोपों पर नगर निगम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

बच्चों को परोसा जा रहा खराब एमडीएम



लखनऊ। तेलीवाग स्थित राम परोसे मैकुलाल इंटर कॉलेज में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले करीब 350 बच्चों को सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) की आपूर्ति करने वाली संस्था लग्नातार निर्धारित मेन्यू और गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी कर घटिया व बेस्वाद खाना परोसे रही है। मंगलवार को मेन्यू के अनुसार बच्चों को रोटी, सोयाबीन की सब्जी और फल परोसा जाना था, लेकिन संस्था ने महज दाल, चावल व केला बांटकर इतिश्री कर ली। फल भी बच्चों की संख्या के मुकाबले काफी कम होते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को देने की मांग को लेकर हजरतगंज चौराहे पर मंगलवार को प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डॉ. सीएम सिंह बने ईएफआई के अध्यक्ष



लखनऊ। लोहिया आ यु वि ज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ.सीएम सिंह को एग्रिडेमियोलॉजी फाउंडेशन ऑफ इंडिया (ईएफआई) का अध्यक्ष चुना गया है। तीन अक्तूबर को चंडीगढ़ में हुई ईएफआई की गवर्निंग कांउसिल की बैठक में डॉ. सीएम सिंह को जनस्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि ईएफआई से बीमारी के प्रसार, जोखिम कारकों और प्रभावित आबादी से जुड़े शोध को बढ़ावा मिलेगा।

सबसे ऊंचा फ्लाईओवर दीवाली पर शुरू होगा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बन रहा लखनऊ का सबसे ऊंचा फ्लाईओवर दीपावली से पहले चालू हो जाएगा। इससे डालीगंज से पक्का पुल तक का सफर महज दो मिनट में पूरा होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को परियोजना का निरीक्षण किया। मौके पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए उन्होंने टीले वाली मस्जिद के पास इंटीग्रेटेड रोटरी बनाने के निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पक्का पुल (हार्डिंग ब्रिज) से डालीगंज रोटरी के मध्य बना यह 2-लेन फ्लाईओवर 1.1 किलोमीटर लंबा है। रेलवे ब्रिज के ऊपर बने इस फ्लाईओवर की जमीन से ऊंचाई लगभग 25 मीटर है। फ्लाईओवर के स्टकचर का निर्माण पूरा हो चुका है और मौके पर डामरीकरण एवं स्ट्रीट लाइट्स का कार्य करवाया जा रहा है। सितंबर माह के अंत तक समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराकर इसे दीपावली से पहले चालू करने की योजना है।

इंटीग्रेटेड रोटरी से दौड़ेगा ट्रैफिक

फ्लाईओवर पर चढ़ने व उतरने वाले ट्रैफिक को सुरक्षित और सुगम रास्ता देने के लिए इंटीग्रेटेड रोटरी बनाई जाएगी। इसके अंतर्गत टीले वाली मस्जिद के पास एक नयी रोटरी बनेगी। वहीं, मरी माता मंदिर के पास पूर्व निर्मित रोटरी को री-मॉडल करके वाहनों के लिए 4-लेन पैसेज तैयार किया जाएगा।

इस फ्लाईओवर के शुरू होने से पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक सीधा आवागमन सुनिश्चित होगा और पुराने लखनऊ की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ा लाभ मिलेगा।

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ—226010, फोनः 0522—2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8(6) के तहत

यह ई-नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस को माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और जमानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा है', जहां है', 'जो है, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 11.11.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 12.11.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार / जमानतकर्ता का नाम एवं पता / बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य / अग्रिम जमाराशि (₹)
शाखाः आरसि वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मोः 9415389015			
1.	1. मेसर्स सूरजगंज क्रिलिंग सेंटर्स (फर्म एवं ऋणी), इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, फतेहपुर–सूरजगंज जी रामनगर रोड, ग्राम मम्लामऊ, तहसील रामनगर, जिला बाराबंकी–225302 2. श्रीमती तसनीम रसूल (प्रोपराइटर, ऋणी एवं बंधककर्ता), 461 कानून गोयन, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी–225001 3. श्री यारुस्र जिलानी (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता), पुत्र स्व. मोहम्मद खालिद जिलानी, 461 कानून गोयन, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी–225001 4. श्री दहाब जिलानी (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पुत्र स्व. मोहम्मद खालिद जिलानी, 461 कानून गोयन, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी–225001 **मांग सूचना की तिथिः 18.03.2026** **बकाया धनराशिः ₹ 93,62,187.00** +ब्याज एवं अन्य खर्च	1) पेट्रोल पम्प की भूमि व भवन स्थित खसरा संख्या 133, रामनगर में फतेहपुर–सूरजगंज रोड पर, स्थित ग्राम मम्लामऊ, परगना एवं तहसील रामनगर, जिला बाराबंकी, **स्वामी– श्री यारुस्र जिलानी एवं श्री दहाब जिलानी पुत्र स्व. श्री मोहम्मद खालिद जिलानी, क्षेत्रफल–0.457 हेक्टेयर अथवा 4570.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी:–उत्तर**– फतेहपुर से सूरजगंज डामर रोड, **दक्षिण**– श्रीमती तसनीम रसूल की भूमि, **पूर्व**– चक रोड (कच्चा रास्ता), **पश्चिम**– विमलेश कुमारी एवं सरोज गौतम आदि की दुकान एवं मकान तथा सतराम एवं मंसराम पुत्र श्री दुर्जन का फार्म (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 1,45,00,000 /– ₹ 14,50,000 /–
	2) श्रीमती तसनीम जिलानी पत्नी मोहम्मद खालिद जिलानी की भूमि, खसरा संख्या 132, स्थित ग्राम मम्लामऊ, परगना एवं तहसील रामनगर, जिला बाराबंकी, **क्षेत्रफल–0.180 हेक्टेयर, चौहद्दी:–उत्तर**– पेट्रोल पंप, **दक्षिण**– खंडई लाल एवं अन्य का खेत, **पूर्व**– चक मार्ग तलप्पताल खेत, **पश्चिम**– श्री केसन का खेत। (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 23,00,000 /– ₹ 2,30,000 /–	
	3) छत के ऊपरी ग्राउंड फ्लोर पर दो मंजिला वाणिज्यिक भवन, खसरा संख्या 278मिन के छत वाले भाग पर स्थित, मोहल्ला कानून गोयन (गल्ला मंडी), ग्राम पैसर, नगर पालिका परिषद नवाबगंज की सीमा के अंतर्गत, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, **स्वामी– श्रीमती तसलीम जिलानी पत्नी श्री मोहम्मद खालिद जिलानी, क्षेत्रफल–33.457 वर्ग मीटर अथवा 360 वर्ग फीट, चौहद्दी:–उत्तर**– रोड, **दक्षिण**– अन्य सह–स्वामी का हिस्सा, **पूर्व**– गल्ला मंडी रोड, **पश्चिम**– संजय निगम की दुकान एवं सीढ़ियाँ (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 10,00,000 /– ₹ 1,00,000 /–	
	4) वाणिज्यिक दुकान स्थित ऊपरी ग्राउंड फ्लोर पर दो मंजिला वाणिज्यिक भवन, जिसका नाम जिलानी मार्केट है, खसरा संख्या 278मिन के प्लॉट माप पर स्थित, मोहल्ला कानून गोयन (गल्ला मंडी), ग्राम पैसर, नगर पालिका परिषद नवाबगंज की सीमा के अंतर्गत, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, **स्वामी– श्रीमती तसलीम जिलानी पत्नी श्री मोहम्मद खालिद जिलानी, क्षेत्रफल–16.103 वर्ग मीटर अथवा 173.332 वर्ग फीट, चौहद्दी:–उत्तर**– रोड, **दक्षिण**– 08 फीट चौड़ा रास्ता, **पूर्व**– गल्ला मंडी रोड, **पश्चिम**– संजय निगम श्री अजय नाग की दुकान (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 16,00,000 /– ₹ 1,60,000 /–	

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com. अधिक जानकारी के लिए उपरोक्त शाखा प्रबंधक से फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000 /– ऊपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 01.10.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

व्यापारियों की सुरक्षा व समृद्धि, प्रदेश की आर्थिक प्रगति का आधार : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि व्यापारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। व्यापारियों की उन्नति ही प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मूल आधार है प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों की सुरक्षा, उनके सम्मान और व्यापार के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। डिप्टी सीएम मंगलवार को राजधानी में संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व्यापारी बंधुओं का आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश को उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।



लखनऊ में जनता दर्शन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों की समस्याएं सुनीं

डिप्टी सीएम ने शिकायतें सुन कराया समाधान

लखनऊ। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के तहत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से तत्काल फोन पर संवाद कर प्रत्येक मामले में पात्रता एवं नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खण्ड शिक्षक से 16 व स्नातक से 23 प्रत्याशी मैदान में उतरे

एमएलसी चुनाव

- वपुरे प्रदेश से कुल 188 पर्चे भरे गए, नाम वापसी नौ तक कर सकेंगे

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 13 नामांकन दाखिल हुए। अब तक कुल 39 नामांकन दाखिल हो चुके हैं, जिसमें 16 खण्ड शिक्षक से और 23 खण्ड स्नातक के प्रत्याशी हैं। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की आखिरी तारीख 9 अक्तूबर है। पूरे प्रदेश से कुल 188 पर्चे भरे गए।

मण्डलायुक्त व रिटर्निंग आफीसर विजय विश्वास पंत ने बताया कि मंगलवार को खण्ड शिक्षक से निर्दल प्रत्याशी के रूप में विद्या सागर, टंडियांवा-हरदोई, सुशील कुमार, चांदपुर महमूदाबाद-सीतापुर, रवींद्र कुमार त्रिपाठी, डिडौंडपट्टी-प्रतापगढ़ व दीन दयाल गुप्त, अहरौला-आजमगढ़ ने पर्चा दाखिल किया है। उधर स्नातक से निर्दल प्रत्याशी के रूप में अवनीश सिंह, आसपुर देवसर-प्रतापगढ़, विनोद कुमार वर्मा, सरोजिनीनगर-लखनऊ, वकील अहमद अंसारी, लहरपुर-सीतापुर, मोहम्मद आफाक उस्मानी, सीतापुर रोड-लखनऊ, रामचंद्र तिवारी, बाबूगंज-प्रतापगढ़, शैलेंद्र सिंह, तेलीबाग-लखनऊ, कांति सिंह, मंसारा-बाराबंकी, अवनीश कुमार वर्मा धीरहरा-प्रतापगढ़, कांति देवी, परगना निगोहा-लखनऊ का पर्चा दाखिल किया है।

नई पीढ़ी को संस्कृति व विरासत से भी जोड़ा जाए : उप मुख्यमंत्री

लखनऊ। शहर के इतिहास, संस्कृति, खान-पान व संगीत को समर्पित 'महफिल-ए-टिकैत राय' मंगलवार को हजरतगंज स्थित अर्बन क्लब में सजी। 'वाह लखनऊ' की ओर से आयोजित इस महफिल में शहर की विरासत के साथ ही बदलते सांस्कृतिक परिवेश पर चर्चा हुई। वहीं पुस्तक 'नेपाल चैप्टर' का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को गुगल और चैट जीपीटी के साथ-साथ अपनी संस्कृति और विरासत से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि समाज में पुस्तकों और अध्ययन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लाइब्रेरियों को फिर से जीवंत किया जाना चाहिए।

पंचायतें सशक्त बनाने को राष्ट्रीय मंथन

जूम मीटिंग

- ग्राम स्वराज पर ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई
- तीसरी सरकार के रूप में अधिकार देने पर हुआ मंथन

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। ग्राम स्तर पर पंचायतों को अधिक सशक्त, सक्षम एवं प्रभावी बनाने व लोकतांत्रिक व्यवस्था में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर जूम मीटिंग हुई। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। 'ग्राम स्वराज' विषय पर आयोजित इस ऑनलाइन बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की 'तीसरी सरकार' के रूप में पंचायतों को किस प्रकार और अधिक अधिकार-संपन्न, सक्षम एवं प्रभावी बनाया जा सकता है इस पर गहन विचार किया गया।

ऑनलाइन बैठक का आयोजन केन्द्र सरकार की संस्था कृषि वित्त निगम लिमिटेड की ओर से प्रमुख रूप से किया गया था। इस दौरान प्रतिभागियों ने ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की ऐतिहासिक और संवैधानिक भूमिका, स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता, जनभागीदारी तथा पंचायतों के संस्थागत सशक्तीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।

इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने पंचायतों को केवल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई के रूप में देखने के बजाय स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और विकास की प्राथमिकताएं तय करने वाली प्रभावी संस्था के रूप में मजबूत किए जाने की जरूरत की जोरदार वकालत की गई। बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना, केंद्र एवं राज्य वित्त आयोग की भूमिका, स्थानीय संसाधन एवं कराधान, पंचायत प्रतिनिधियों और बोर्ड सदस्यों के क्षमता निर्माण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर अभिसरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने ग्राम सभा को मजबूत करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 100 से अधिक प्रतिभागी जुड़े जिनमें प्रधानमंत्री के पूर्व के सलाहकार राम बहादुर राय एवं 'तीसरी सरकार अभियान' के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य चंद्रशेखर प्राण सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के अलावा लखनऊ में कृषि वित्त निगम के उप महाप्रबंधक एवं प्रभारी अवनेश कालिक तथा पूर्व कृषि निदेशक केवी सिंह भी मौजद थे। इस अवसर पर चंद्रशेखर प्राण को 'तीसरी सरकार अभियान' के साथ उनके दीर्घकालीन जुड़ाव एवं योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

